एक नजर में

मोटोरोला ने लॉन्च किया मोटो जी67 पॉवर

इंदौर . मोटोरोला, मोबाइल टेक्नोलॉजी में ग्लोबल लीडर और भारत का अग्रणी एआई स्मार्टफोन ब्रांड, ने आज 15 हजार सेगमेंट के तहत अपने सर्वश्रेष्ठ कैमरा फोन मोटो जी67 पॉवर के लॉन्च की घोषणा की है . इसमें विशाल 7000 एमएएच की बैटरी दी गई है . स्लिमर डिजाइन के लिए सिलिकॉन कार्बन टेक्नोलॉजी के साथ विशाल 7000एमएएच बैटरी, शक्तिशाली स्नैपड्रैगन 7एस जेन 2 प्रोसेसर पेश किया गया है . टी.एम. नरसिम्हन, मैनेजिंग डायरेक्टर, मोटोरोला इंडिया ने कहा हम 15,000 रुपये से कम कीमत में सबसे अच्छाप्त कैमरा वाला फोन ला रहे हैं . इसमें 50एमपी सोनी लिटिया 600 कैमरा है, जो सभी लेंस से 4के वीडियो रिकॉर्डिंग कर सकता है। यह फोन 7000 एमएएच की बड़ी बैटरी से लैस है, जिसमें नई सिलिकॉन कार्बन तकनीक लगी है . इससे फोन पतला रहता है .

वुमेन वर्ल्ड कप विनर्स को गिफ्ट की जाएगी टाटा सिएरा

इंदौर . महिला क्रिकेट टीम ने इस साल वर्ल्ड कप जीतकर पूरे देश का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया . अब देश की ऑटोमोबाइल दिग्गज कंपनी टाटा मोटर्स ने इन विजेताओं के सम्मान में बड़ा कदम उठाया है . कंपनी ने घोषणा की है कि वह 25 नवंबर 2025 को लॉन्च होने वाली अपनी फ्लैगशिप एसयूवी (टाटा सिएरा) का पहला बैच भारतीय महिला क्रिकेट टीम को गिफ्ट करेगी . इस दौरान टीम की हर खिलाड़ी को मिलेगा इस एसयूवी का टॉप मॉडल, जिसमें कंपनी की नवीनतम टेक्नोलॉजी और फीचर्स शामिल होंगे . टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड के एमडी और सीईओ शैलेश चंद्रा ने कहा भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने अपने प्रदर्शन से पूरे देश को गर्व महसूस कराया है . हमें गर्व है कि हम इन महान खिलाड़ियों को एक और दिग्गज उपहार में दे रहे हैं - द टाटा सिएरा। यह हमारे द्वारा उनके जज्बे और देश को दिलाई गई शान को सलाम है - दो दिग्गज, एक जज्बा, अनंत प्रेरणा .

'दद्दाजी' मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 11 नवंबर को

इंदौर . कटनी नगरी सनातन धर्म की ऐतिहासिक और परम आध्यात्मिक चेतना से ओत-प्रोत एक भव्य उत्सव की साक्षी बनने जा रही है . गृहस्थ संत गुरुदेव पंडित देव प्रभाकर शास्त्री 'दद्दाजी' के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का महामहोत्सव दद्दाजी धाम परिसर में 9 से 13 नवंबर, तक बड़े श्रद्धा और वैभव के साथ आयोजित होगा . यह पाँच दिवसीय महोत्सव देशभर से आने वाले हज़ारों श्रद्धालुओं, संतों, आध्यात्मिक आचार्यों और विशिष्ट अतिथियों को एक सूत्र में बाँध देगा . यह पावन महोत्सव 9 नवंबर से प्रारंभ होगा . मुख्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह 11 नवंबर को प्रातः 10 बजे से दद्दाजी धाम, कटनी में विधिवत् होगा . महोत्सव की तैयारियों पर बोलते हुए संजय सत्येन्द्र पाठक, जो परम पूज्य दद्दाजी के अनन्य भक्त, दद्दाजी मंदिर निर्माण समिति के संरक्षक और महोत्सव के मुख्य संयोजक हैं, ने कहा परम पूज्य दद्दाजी के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा, उन सभी भक्तों के लिए आध्यात्मिक पुनर्मिलन का अवसर है, जिन्हें दद्दाजी के श्रद्धा, सेवा और समर्पण के संदेश ने छुआ है . यह मंदिर शांति, भक्ति और सामाजिक सौहार्द का दीपस्तंभ बनकर, आने वाली पीढ़ियों को दद्दाजी के निष्काम सेवा और अटूट आस्था के संदेश से निरंतर प्रेरित करता रहेगा .

नेशनल स्कूल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में लश्करी रेफरी नियुक्त

इंदौर . शहर के अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो रेफरी गौतम लश्करी को स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 69वीं नेशनल स्कूल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में रेफरी की जिम्मेदारी सौंपी गई है . यह प्रतियोगिता जम्मू कश्मीर युवा सेवा और खेल विभाग के सहयोग से 15 से 19 नवंबर तक जम्मू में बालक और बालिका 19 वर्ष आयु वर्ग में आयोजित होगी . गौतम लश्करी वर्तमान में लॉरेल्स स्कूल इंटरनेशनल में ताइक्वांडो कोच के रूप में कार्यरत हैं . उनकी नियुक्ति पर मप्र ताइक्वांडो एसोसिएशन, इंदौर मार्शल आर्ट एकेडमी के पदाधिकारियों और स्कूल के खेल अधिकारी डॉ अखिल नायर व सभी स्टाफ ने उन्हें शुभकामनाएं दी .

मंगलम इंडस्ट्रियल फाइनेंस लिमिटेड का राइट्स इश्यू खुला

इंदौर . मंगलम इंडस्ट्रियल फाइनेंस लिमिटेड ने अपने राइट्स इश्यू की अवधि बढ़ाने की घोषणा की है . कंपनी का राइट्स इश्यू वर्तमान में खुला है और 14 नवंबर को बंद होगा . यह राइट्स इश्यू 1 रुपये प्रति शेयर के मूल्य पर 48,08,21,750 इक्विटी शेयरों का है, जिसकी कुल राशि लगभग 48 .08 करोड़ रुपये है . राइट्स इश्यू से प्राप्त शुद्ध धन का उपयोग कंपनी अपने पूंजी आधार को मजबूत करने और अपने एनबीएफसी कारोबार से जुड़ी संचालन क्षमताओं के विस्तार के लिए करेगी . इससे पहले, कंपनी ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी समाधान को वित्तपोषित करने के लिए अपनी नई फ्लीट फाइनेंसिंग पहल की घोषणा की थी . कार्बन फुटप्रिंट को कम करने और सतत विकास के राष्ट्रीय लक्ष्य में योगदान देने की दिशा में उठाए गए इस कदम के तहत, स्ब्लूस्मरन्देशभर के इलेक्ट्रिक वाहन (श्वङ्क) फ्लीट ऑपरेटरों को वित्तीय सहायता प्रदान करेगी . यह पहल स्वच्छ और टिकाऊ परिवहन पारिस्थितिकी तंत्र की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है . यह पहल फ्लीट ऑपरेटरों के लिए हरित परिवहन को अधिक सुलभ और व्यावहारिक बनाने का लक्ष्य रखती है .

शॉपर्स स्टॉप ने नया वेडिंग कलेक्शन लॉन्च किया

इंदौर . भारत के प्रमुख प्रीमियम फैशन, ब्यूटी और गिफ्टिंग ब्रांड शॉपर्स स्टॉप ने अपने शानदार वेडिंग कलेक्शन को 'इंडिया वेड्स विद शॉपर्स स्टॉप' अभियान के तहत लॉन्च किया है . भारतीय शादियों की खूबसूरती और विविधता को दिखाते हुए, यह कलेक्शन शादी से जुड़े हर सदस्य के लिए चुने हुए कपड़े और एक्सेसरीज का खास संग्रह पेश करता है, जो पारंपरिक कला और आधुनिक स्टाइल का सुंदर मेल है . शॉपर्स स्टॉप के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, कस्टमर केयर एसोसिएट, कविंद्र मिश्रा ने कहा भारत में शादियाँ रंग, संस्कृति और रिश्तों के धागों से बुना हुआ एक सुंदर उत्सव होता हैं . हमारा यह कलेक्शन शादी करने वाले समुदाय को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, ताकि इस शादी के मौसम में हर कोई अपना सबसे बेहतरीन लुक दिखा सके . 'इंडिया वेड्स विथ शॉपर्स स्टॉप' अभियान के तहत, ग्राहक शादी की तैयारी के लिए जरूरी हर चीज एक ही जगह पर पा सकते हैं .

एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने लॉन्च किया 'एम' सर्कल

इंदौर . एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) भारत का सबसे बड़ा स्मॉल फाइनेंस बैंक और भारतीय रिज़र्व बैंक से यूनिवर्सल बैंक में ट्रांजिशन होने की इन-प्रिंसिपल स्वीकृति पाने वाला पहला बैंक . एयू एसएफबी ने आज 'एम सर्कल' का शुभारंभ किया . यह एक अनूठा महिला-केंद्रित बैंकिंग प्रोग्राम है, जिसे विशेष रूप से महिलाओं की जरूरतों और आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है . इसका उद्देश्य है उन्हें पर्सनलाइज्ड सुविधाएं, खास वित्तीय समाधान और एक्सक्लूसिव लाइफस्टाइल अनुभव उपलब्ध कराना . एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर और डिप्टी सीईओ उत्तम टिबरेवाल ने कहा एयू एसएफबी में हम यह मानते हैं कि अलग-अलग पृष्ठभूमि और व्यवसायों से जुड़ी महिलाएं- चाहे वे गृहिणी हों, प्रोफेशनल हों या उद्यमी- उनकी वित्तीय जरूरतें और आकांक्षाएं विशिष्ट होती हैं . 'एम सर्कल' के माध्यम से हम उन्हें एक सोच-समझकर तैयार किया गया, पर्सनलाइज्ड बैंकिंग अनुभव देना चाहते हैं जो उनकी जरूरतों का सम्मान करे, उनकी सफलता का जश्न मनाए और उनके सपनों को समर्थन दे .

कोटक रूरल अपॉर्च्यूनिटीज फंड लांच

इंदौर . कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी ने कोटक रूरल अपॉर्च्यूनिटीज फंड लॉन्च करने की घोषणा की है . यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है, जो ग्रामीण और इससे जुड़े क्षेत्रों में निवेश पर फोकस करेगी . यह स्कीम 6 नवंबर से 20 नवंबर तक निवेशकों के लिए खुली रहेगी . इस फंड का उद्देश्य लंबी अवधि में निवेशकों की दौलत में इजाफा करना है, जिसके लिए यह उन कंपनियों के शेयरों में निवेश करेगा, जो भारत के ग्रामीण विकास और बदलाव (रूरल ट्रांसफॉर्मेशन) से जुड़ी हैं या उससे लाभ कमा रही हैं . कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, नीलेश शाह ने इस मौके पर कहा कि ग्रामीण भारत अब केवल खेती तक ही सीमित नहीं है, यह भारत के विकास का नया मोर्चा बन चुका है . ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती आय और कंजम्पशन अब भारत की बड़ी आर्थिक कहानी का एक अहम हिस्सा हैं . कोटक रूरल अपॉर्च्यूनिटीज फंड का लक्ष्य निवेशकों को इस बदलाव में भागीदार बनने में मदद करना है, यह बदलाव भारत की सबको साथ लेकर चलने वाली और संतुलित आर्थिक विकास की यात्रा के साथ मेल खाता है .

रेलवे के कारण हो रही मांगलिया ओवर ब्रिज में देरी

छह माह में भी नहीं बना अंडर पास

नव भारत न्यूज

इंदौर. पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्माणाधीन मांगलिया रेलवे ओवर ब्रिज रेल विभाग की लेटलतीफी के कारण अटका हुआ है. रेल विभाग छह महीने में भी अंडर पास का निर्माण पूरा नहीं कर सका है. इस कारण मांगलिया से उज्जैन रोड़ पर आने जाने वाले हजारों ग्रामीण और रहवासियों को करीब 20 किलोमीटर घूम कर आना पड़ रहा है.

पीडब्ल्यूडी ने पिछले साल अक्टूबर में मांगलिया रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण का कार्य शुरू किया था. उक्त ब्रिज को 18 माह में पूरा करना है.

अगस्त में चालू होना था अंडर पास, लेकिन अभी भी काम अधूरा

सिंगापुर कॉलोनी के वहां रेलवे द्वारा अंडर पास बनाया जा रहा है . रेलवे ने अगस्त में अंडर पास यातायात के लिए खोलने का बताया था, लेकिन नवंबर में भी काम अधूरा पड़ा है . ध्यान रहे कि बारिश में भी अंडर पास में छह फीट तक पानी भरा गया था . आईडीए अधिकारियों ने मोटर लगाकर पानी निकलने का काम किया था . उसके बाद भी रेलवे ने अभी तक काम पूरा नहीं किया है .

ब्रिज निर्माण का ठेका रियाल कंस्ट्रक्शन को दिया गया है. 320 मीटर लंबे और तीन लेन चौड़े ब्रिज की लागत 26 करोड़ रुपए है. पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्माणाधीन ब्रिज के दोनों छोर का काम पूरा कर दिया है, लेकिन रेलवे स्पान का काम रेल विभाग ने शुरू नही किया है. रेलवे स्पान का निर्माण रेलवे खुद करता है या उनकी ड्राइंग डिजाइन की रेल विभाग से ही मंजूर होकर अनुमति जारी होती है. पीडब्ल्यूडी रेलवे स्पान के कार्य एक बीच दोनों ओर सर्विस रोड का काम शुरू कर चुका है.

अंडरपास अधूरा : कौर

पीडब्ल्यूडी कार्यपालन यंत्री गुरमीत कौर भाटिया ने बताया कि रेलवे क्रॉसिंग का गेट बंद करना पड़ेगा, जब काम हो सकता है. अंडर पास का काम अभी अधूरा है, तो रेलवे स्पान का निर्माण शुरू नहीं हो पा रहा है.

अधूरे काम से ट्रैफिक जाम, लोग परेशान

मांगलिया रेलवे ब्रिज का काम पिछले दो सालों से चल रहा है परंतु अभी तक अधूरा ही है . गुजरात की कंपनी ने ठेका लिया है जो बिल्कुल हल्का काम कर रही है . क्षेत्र में लोग परेशान है . ट्रैफिक जाम हो रहा है लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है .

- किसान नेता हंसराज मंडलोई

इंदौर हाइकोर्ट की नई रोस्टर व्यवस्था लागू, 10 नवंबर से प्रभावी

जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस बिनोद कुमार द्विवेदी की युगल पीठ को मिले अहम मामले

इंदौर. मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा इंदौर खंडपीठ के लिए नई रोस्टर व्यवस्था घोषित की गई है, जो 10 नवंबर से प्रभावी होगी. मुख्य न्यायाधीश के आदेश से जारी अधिसूचना में पूर्व की 9 अगस्त की अधिसूचना को निरस्त कर नया रोस्टर लागू किया है.

नई व्यवस्था के तहत जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस बिनोद कुमार द्विवेदी की युगल पीठ को जनहित याचिकाओं, ग्रीन बेंच से संबंधित प्रकरणों, राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण विवाद, व्यापमं मामलों, ठेके एवं टेंडर संबंधी याचिकाओं सहित विभिन्न महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई सौंपी गई है. सिंगल बेंचों का विभाजन इस प्रकार किया है, जस्टिस सुबोध अभ्यंकर इंदौर, देवास, धार, बड़वानी, झाबुआ, मंदसौर, नीमच सहित पश्चिमी मप्र के जिलों से आने वाले सभी एमसीआरसी (जमानत) और आपराधिक रिट याचिकाओं की सुनवाई करेंगे. जस्टिस प्रणय वर्मा = सेवा मामलों को छोड़कर अन्य सभी रिट याचिकाएं और शेष सिविल मामलों की सुनवाई करेंगे. जस्टिस संजीव एस. कालगांवकर: उज्जैन, रतलाम, शाजापुर, राजगढ़ जिलों से संबंधित एमसीआरसी और पुराने आपराधिक अपीलों (वर्ष 2015 तक) की सुनवाई करेंगे. जस्टिस गजेन्द्र सिंह: 2016 के बाद दर्ज आपराधिक अपीलों और सभी आपराधिक पुनरीक्षणों की सुनवाई करेंगे, जस्टिस पवन कुमार द्विवेदी: आर्बिट्रेशन, कंपनी मामलों, कर मामलों, अवमानना याचिकाओं और विविध अपीलों की सुनवाई करेंगे. जस्टिस जय कुमार पिल्लै: सभी सेवा संबंधी रिट याचिकाओं की सुनवाई करेंगे. जस्टिस आलोक अवस्थी: प्रथम, द्वितीय अपीलें, सिविल पुनरीक्षण और विविध याचिकाओं की सुनवाई करेंगे. सभी पीठों के लिए बुधवार और गुरुवार को दोपहर 2:30 बजे से अंतिम सुनवाई के प्रकरणों की सूची जारी की जाएगी. न्यायालय में वीडियो कॉन्फ्रें सिंग और हाइब्रिड सुनवाई की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी. नई रोस्टर व्यवस्था में यह भी स्पष्ट किया है कि किसी न्यायाधीश की अनुपलब्धता की स्थिति में संबंधित प्रकरणों की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश के निर्देशानुसार अन्य पीठ को सौंपी जा सकेगी.

न्यायमूर्ति रूसिया का जबलपुर तबादला, विदाई समारोह आज

इंदौर . मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय अभिभाषक संघ, इंदौर की ओर से आज दोपहर 1.30 बजे गंभीर लाइब्रेरी हॉल में न्यायमूर्ति विवेक रूसिया के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया जाएगा . यह आयोजन उनके जबलपुर स्थानांतरण के उपलक्ष्य में रखा गया है, जहां उन्हें प्रशासनिक न्यायमूर्ति के रूप में नियुक्त किया है . न्यायमूर्ति रूसिया ने इंदौर खंडपीठ में अपने कार्यकाल के दौरान न्यायिक पारदर्शिता, सरलता और संवेदनशील दृष्टिकोण के लिए अधिवक्ताओं और न्यायिक समुदाय के बीच विशेष स्थान बनाया . उनके नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण निर्णय हुए, जिन्होंने न्यायिक प्रणाली में सकारात्मक संदेश दिया . अधिवक्ता देंगे सम्मानपूर्ण विदाई- अभिभाषक संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम में वरिष्ठ और कनिष्ठ अधिवक्ता, न्यायिक अधिकारी तथा उच्च न्यायालय परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल होंगे .

महापौर देर रात लगातार कर रहे पेंचवर्क कार्यों का निरीक्षण

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर की सड़कों के सुधार और पेचवर्क का महापौर लगातार देर रात में निरीक्षण कर रहे हैं. शहर की सड़कों पर यातायात को सुगम और व्यवस्थित चलाने के लिए पेंचवर्क की भी मॉनीटरिंग की जा रही है. इसी क्रम में कल रात महापौर ने पेंचवर्क कार्यों का मौका मुआयना किया.

बुधवार रात महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने पलासिया चौराहा, मालीपुरा, बांगड़दा रोड एवं सिंगापुर टाउनशिप क्षेत्र में जारी कार्यों का जायजा लिया. इससे पूर्व भार्गव ने बॉम्बे हॉस्पिटल, रावजी बाजार एवं फूटी कोठी क्षेत्र में देर रात पेंचवर्क कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए थे. महापौर ने कहा कि शहर की सड़कें नागरिकों की सुविधा और शहर की पहचान हैं. हर इलाके में गुणवत्ता के साथ पेंचवर्क समय पर पूरा करें, ताकि शहरवासियों को बेहतर यातायात सुविधा मिल सके. निरीक्षण के दौरान जनकार्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे.

सफाई ठीक नहीं मिलने पर 2 दरोगा हटाए, बेसिक्स को फटकार

निगम आयुक्त यादव ने किया विभिन्न कॉलोनी का निरीक्षण

नव भारत न्यूज

इंदौर. निगम आयुक्त ने आज झोन दो के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया. इस दौरान दो सफाई दरोगा को निलंबित किया और एनजीओ संस्था बेसिक्स के प्रतिनिधि को जमकर फटकार लगाई. साथ ही राजमोहल्ला बगीचे के निर्माण करने हेतु निर्देश दिए.

आयुक्त दिलीप कुमार यादव ने आज सुबह झोन क्रमांक 2 के विभिन्न क्षेत्र एवं कॉलोनी का निरीक्षण किया गया. आयुक्त ने इस दौरान जवाहर मार्ग, बजाज खाना चौक, राज मोहल्ला चौराहा, गंगवाल बस स्टैंड, धार रोड, चंदन नगर चौराहा, टिंबर मार्केट, गुजराती कॉलोनी श्री हरि समिति, राज मोहल्ला वाल्मीकि बस्ती, आदर्श इंदिरा नगर, पंच मूर्ति नगर, राज नगर, जय भवानी नगर, पंचकुइया रोड, अंतिम चौराहा, मल्हारगंज, लोहार पट्टी, सुभाष मार्ग इमली बाजार चौराहे की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया. आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था ठीक नहीं होने पर क्षेत्रीय दरोगा पर नाराज हुए. वहीं एनजीओ संस्था बेसिक्स के प्रतिनिधियों को भी जमकर फटकार लगाई. आयुक्त द्वारा टिंबर मार्केट क्षेत्र में मार्केट खुलने के पहले सफाई एवं डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने के निर्देश दिए. साथ ही सफाई संतोषजनक नहीं पाए जाने पर दरोगा अनिल गोसर और आदर्श इंदिरा नगर क्षेत्रीय दरोगा राजकुमार नरवाले को हटाने के निर्देश दिए गए. राज मोहल्ला वाल्मीकि उद्यान में पाथवे निर्माण एवं ओपन करने बोरिंग लगाने के भी निर्देश दिए गए.

बेकलाइन में विशेष सफाई अभियान चलाएं

आयुक्त यादव ने निरीक्षण के दौरान क्षेत्र की बैकलेन को चिन्हित करते हुए बेकलेन में विशेष सफाई अभियान चलाकर सीमेंटीकरण करने एवं गेट लगाने के निर्देश भी दिए . निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, अभय राजनगांवकर, स्वास्थ्य अधिकारी, सीएसआई एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे .

दीपक एडवर्टाइजिंग ने मनाई 29वीं वर्षगांठ

इंदौर. लगातार सफलता और नए मुकाम हासिल करते हुए दीपक एडवर्टाइजिंग ने अपनी 29वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई. वर्ष दर वर्ष मजबूती से आगे बढ़ती यह अग्रणी एजेंसी देश भर में कई प्रतिष्ठित परियोजनाओं को सफलतापूर्वक अंजाम दे चुकी है.

गौरवशाली सफर में दीपक एडवर्टाइजिंग ने इस वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा द्वारका एक्सप्रेसवे लॉन्च जैसे राष्ट्रीय स्तर के प्रोजेक्ट्स को संभाला है. इसके साथ ही एमपी रीजनल ग्रोथ कॉन्क्लेव एक्सपो, भारतीय रेलवेज़ और एनएचएआई के कई प्रचार अभियान और इवेंट्स में भी दीपक एडवरटाइजिंग की अहम भूमिका रही है. हाल ही में डीपी ज्वेलर्स के रतलाम शो-रूम के भव्य उद्घाटन को इस एजेंसी ने एक अभिनव मार्केटिंग दृष्टिकोण से ज़बरदस्त सफलता दिलाई. उल्लेखनीय है कि इस साल दीपक एडवर्टाइजिंग को '19वीं एजेंसी ऑफ द ईयर' का सम्मान भी प्राप्त हुआ, जो इसकी उत्कृष्टता और नवाचार की पहचान है. इस विशेष अवसर को टीम के साथ सेलिब्रेट करते हुए दीपक जेठा, प्रबंध निदेशक, दीपक एडवर्टाइजिंग ने सभी क्लाइंट्स, मीडिया पार्टनर्स और टीम सदस्यों का उनके निरंतर सहयोग और विश्वास के लिए आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि यही भरोसा एजेंसी को हर वर्ष नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करता है. आने वाला वर्ष नई चुनौतियाँ और अवसर लेकर आएगा और दीपक एडवरटाइजिंग हमेशा की तरह आगे बढ़ते जाएगी यह विश्वास उन्होंने व्यक्त किया.

नए-पुराने गीतों से सजी शाम

संगीत प्रेमी मनोहर करमबेलकर ने किया आयोजन

इंदौर. हिंदी साहित्य समिति के सभागार में स्वर मनोहर म्यूजिकल ग्रुप का संगीत निशा का सुमधुर नए और पुराने फिल्मी गीतों का आयोजन हुआ, जिसका आयोजन 87 वर्षीय मनोहर करमबेलकर ने किया.

संयोजक अनुजा पंडित सह संयोजक सुभाष पालीवाल, सह आयोजक हेमा करमबेलकर भावे एवं सूत्र संचालन लीना श्रीवास ने किया. मुख्य अतिथि विष्णु कोकजे पूर्व राज्यपाल हिमाचल प्रदेश एवं सांसद शंकर ललवानी एवं जाने माने सिंगर चिन्तन बाकलीवाल आए और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई. गायक मनोहर करमबेलकर एवं गायिकाएं शुभी चौहान, लीना श्रीवास, संस्कृति सुगंधी, आराधना सुगंधी, मयूरी गुप्ता, प्रियंका आगवन, संतोष चौहान, ऋद्धि तिवारी, हेमा करमबेलकर भावे ने अपनी मधुर आवाज में गीत गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और खूब तालिया बटोरी. श्रोताओं ने सभी गीतों को खूब सराहा एवं इस अविस्मरणीय संगीत निशा का आनंद लिया. आयोजक मनोहर करमबेलकर ने बताया स्वर मनोहर म्यूजिकल ग्रुप की यह तीसरी प्रस्तुति दी.

धार्मिक परंपरा आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास के अन्नकूट महोत्सव तेरा तुझको अर्पण का आयोजन

छप्पन भोग समर्पित, कन्या पूजन और 108 दीपों से हुई महाआरती

इंदौर. आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास के तत्वावधान में अन्नकूट महोत्सव 'तेरा तुझको अर्पण' का आयोजन राजीव गांधी चौराहा स्थित शुभ कारज गार्डन पर अम्बिकापुरी खाटू वश्याम धाम के महामंडलेश्वर स्वामी रामगोपालदास महाराज, गजासीन शनि मंदिर वके महामंडलेश्वर दादू महाराज एवं अन्य संतों के सानिध्य में राम मंदिर, सालासर दरबार, भगवती पराम्बा एवं पूज्य 'भगवन' की सजीव झांकियों को 56 भोग समर्पण, कन्या पूजन एवं 108 दीपों से महाआरती के बीच किया गया.

न्यास के अध्यक्ष पं. दिनेश शर्मा, महामंत्री सुरेश काका एवं राजकिशोर शर्मा ने बताया कि प्रारंभ में श्री श्रीविद्याधाम के 51 विद्वानों एवं यजमान युगलों द्वारा पूजन - अर्चन के बाद न्यास की ओर से सभी पदाधिकारियों ने सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक गोलू शुक्ला, पूर्व विधायक संजय शुक्ला, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता दीपक जैन टीनू, भाजपा उपाध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह सोलंकी, हृदयेश दीक्षित सहित विभिन्न अतिथियों का इत्र और फूलों से स्वागत किया। महाआरती में पं. सुरेश शर्मा, पं. राजेंद्र शर्मा, पं. अजय व्यास, पं. लोकेश जोशी, पं. अखिलेश शर्मा, पं. सुमन शर्मा, पं ओमप्रकाश शर्मा, चिन्मय शर्मा, हेमंत शर्मा, उपेन्द्र शर्मा, पं. आशीष शर्मा, दिलीप कांगा, मनोज शर्मा, स्वागत शर्मा, अमित नायक, आशीष मिश्रा, बद्री शर्मा एवं मयंक तिवारी आदि सपरिवार शामिल हुए. मातृशक्ति प्रकोष्ठ की ओर से सरस्वती शर्मा, भारती शर्मा, साधना शर्मा, पिंकी शर्मा, गीता व्यास, प्रियंका शर्मा, रश्मि शर्मा, प्रीति शर्मा, दीपा शर्मा, रूपाली शर्मा, शीतल शर्मा सहित अनेक बहनों ने महोत्सव की व्यवस्थाओं को संभाला. दशविद्या सहित विराजित माँ पराम्बा के साथ सालासर हनुमानजी और भगवान परशुराम जी के विग्रह के साथ ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर स्वामी गिरिजानंद सरस्वती 'भगवन' का आदमकद चित्र भी हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी लगाया गया था.

परंपरागत परिधान में आए सजधजकर

महिला-पुरुष परंपरागत परिधान में सज-धजकर आए थे . इस अन्नकूट महोत्सव की विशेषता यह भी रही कि आठ हजार से अधिक मेहमानों को परोसगारी की व्यवस्था पूरी तरह से समाज के युवा एवं मातृशक्तियों ने बखूबी संभाली . स्नेहभोज में एक समय में चार सौ मेहमानों के लिए बैठकर तथा स्वरुचि भोज में 2500 मेहमानों के लिए भोजन की व्यवस्था रखी गई थी . शहर के लगभग सभी संगठनों के आठ हजार से अधिक बंधुओं ने सपरिवार इस महोत्सव का पुण्य लाभ उठाया .